# विकसित बिहार की निर्णायक भूमिका तय कर रहे पीएम : विजय

## कहा: बिहार के प्रति विशेष लगाव की निशानी पीएम की दरभंगा यात्रा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी बिहार दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने आम चुनाव के दौरान कहा था कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बिहार का विकसित होना अनिवार्य है । अपने तीसरे कार्यकाल के शुरूआत से उन्होंने इस दिशा में गंभीर पहल भी शुरू कर दी है। बीते आम बजट में भी उन्होंने बिहार को बुनियादी ढांचे, औद्योगिक कॉरिडोर , कोसी विकास से जुड़े पैकेज की सौगातें दी थीं। अब दरभंगा में एम्स शिलान्यास उनके हाथों होने जा रहा है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि बिहार देश का पहला ऐसा राज्य होगा जहां दो एम्स विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा दरभंगा में तीसरे रेलवे स्टेशन तथा अररिया-बहादुरगंज-गलगलिया पथ का उपहार भी प्रधानमंत्री बिहार की जनता को देने जा रहे हैं। यह बिहार के प्रति उनके नेतृत्व वाली केंद्र की एनडीए सरकार की विशेष प्रतिबद्धता को दिखाता है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार और बिहार की जनता के प्रति प्रधानमंत्री के विशेष लगाव को राजद और कांग्रेस के लोग पचा नहीं पा रहे। वे भाषा और संसदीय मयादाओं की सारी सीमाओं को तोड़ने पर आमादा हैं। एक तरफ अदालत द्वारा सजयाफ्ता और जनता द्वारा अप्रासंगिक घोषित हो चुके लालू प्रसाद अभद्र टिप्पणियां करने में जुटे हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने परिवारवादी सुप्रीमो को खुश करने के चक्कर में भाषायी शुचिता को तार-तार कर रहे हैं। इनके अमर्यादित भाषायी व्यवहार को बिहार की प्रबुद्ध जनता भलभांति देख और समझ रही है। निश्चित रूप से प्रदेश की जनता उपचुनावों के साथ-साथ आने वाले विधानसभा चुनाव में इन्हें वोट की चोट से करारा जवाब भी देने जा रही है।

# दरभंगा एम्स स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत बड़ा कदम : दिलीप

## शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने दरभंगा पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल मंगलवार को दरभंगा के शोभन पहुंचे, जहां भाजपा के कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत और अभिनन्दन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दरभंगा एम्स शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल के शोभन पहुंचने पर हुए स्वागत से अभिभूत नजर आए और लोगों का आभार जताया। इस मौके पर सांसद धर्मशीला गुप्ता, विधायक संजय सरावगी , जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र झा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स प्रदेश का दूसरा एम्स होगा।उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत बड़ा कदम है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिथिलांचल ही नहीं बिहार को दिया गया बड़ा सौगात है। उन्होंने कहा कि दरभंगा में एम्स निर्माण के लिए 188 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है, जिसमें 1264 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि यह परियोजना 36 महीनों में पूरी होगी। बिहार के लिए ऐतिहासिक और विकास की नई राह खोलने वाला होगा। दरभंगा एम्स से मिथिलांचल के विकास को नई गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। दरभंगा में एम्स निर्माण से दरभंगा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी, जिससे स्थानीय लोगों को इलाज के लिए दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।

# शिक्षकों के स्थानांतरण में अनुमंडल के स्थान पर गृह प्रखंड का प्रावधान किया जाए : भाकपा



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने राज्य सरकार से राज्य के प्रारंभिक एवं माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत विभिन्न कोटि के शिक्षकों के स्थानांतरण या पदस्थापन नीति का संशोधित करने और गृह अनुमंडल की शर्त को संशोधित करते हुए गृह प्रखंड का प्रावधान करने की मांग की है। उन्होंने आश्चर्य प्रकट किया है कि मुख्यमंत्री के द्वारा विधानमंडल में विद्यालय संचालन के लिए 10 से 4 बजे तक की घोषणा अभी तक लागू नहीं किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नौकशाह ने अपने कब्जे में ले लिया है और अव्यवहारिक आदेश निकाले जा रहे हैं। स्थानांतरण नियमावली में सुधार और ऐच्छिक स्थानान्तरण का प्रावधान किया जाय। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि असाध्य रोग, गंभीर रूग्णता तथा विशेषकर दिव्यांग शिक्षकों के स्थानांतरण में भी शर्त रखी गई है, जबकि ऐसे शिक्षकों को उनके ऐच्छिक विद्यालय में पदस्थापन का प्रावधान होना चाहिए।सिर्फ शिक्षिका के पति के पदस्थापन के आधार पर पति के पदस्थापन स्थल को आधार बनाया गया है, जो पूर्णतः अव्यवहारिक है। इससे सामाजिक संतुलन बिगड़ जायेगा। सभी पुरूष शिक्षकों का स्थानांतरण उनके गृह अनुमंडल छोड़कर ही किये जाने का प्रावधान किया गया है।

## कृष्ण का करें चिंतन, नारी का हो सम्मान

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। मनुष्य को जीवन में कृष्ण का चिंतन करना चाहिए। कृष्ण को जो चिंतन करेगा उसे कोई नहीं मार सकेगा। अतएव हमें सांसारिक मोह एवं चिंता को को त्याग कर प्रभु कृष्ण का चिंतन करना चाहिए।

उक्त बातें महंत श्री सुरेश चन्द्र शास्त्री ने राजधानी पटना के दुजरा स्थित कमल निवास प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कही। श्री शास्त्री ने चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण की कथा सुनाई। उन्होंने भगवान कृष्ण के जन्म से लेकर बाबा नंद के घर उनके आगमन से जुड़ी तथ्यों के बारे में बारीकी से समझाया। कहा कि बाबा नंद व मईया यशोदा के यहां भगवान कृष्ण के आगमन पर ब्रज की गोपियों में खुशी की लहर दौड़ गई। देवगण पुष्प की वर्षा करने लगें। बाबा नंद के यहां बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

# पोलिंग एजेंटों को फॉर्म 17 सी देना सुनिश्चित करे चुनाव आयोग : राजद

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने चुनाव आयोग से कल होने वाले चारो विधानसभा उप चुनावों में सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव समाप्ति के पश्चात पोलिंग एजेंटों को फॉर्म 17 सी उपलब्ध कराने के प्रावधान को शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने की मांग को पुनः दोहराया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया का स्पष्ट और महत्वपूर्ण प्रावधान होने के बावजूद पोलिंग एजेंटों को फॉर्म 17 सी उपलब्ध कराने के प्रति चुनाव आयोग कभी भी गंभीर नहीं रही है। जबकि राजद सहित अन्य राजनीतिक दलों द्वारा बराबर इस मांग को उठाया जाता रहा है। इस सम्बन्ध में राजद द्वारा पहले भी चुनाव आयोग को ज्ञापन दिया जा चुका है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आयोग सभी चुनाव पदाधिकारियों को निर्देशित करे कि वह चुनावी प्रक्रिया के स्पष्ट प्रावधान के तहत सभी मतदान केन्द्रों के पिठासीन पदाधिकारीयों को पोलिंग एजेंटों को फॉर्म 17 सी निश्चित रूप से उपलब्ध कराने का सख्त रुप से हिदायत दें। जो पिठासीन पदाधिकारी इस प्रावधान का अनुपालन नहीं करते हों उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। ज्ञातव्य है कि फॉर्म 17उ में बूथ पर पड़े वोटों का लेखा-जोखा होता है.

फॉर्म 17सी में ईवीएम की पहचान संख्या, उस बूथ पर कुल मतदाताओं की संख्या, उस बूथ पर कुल मतदाताओं की संख्या, उन मतदाताओं की कुल संख्या जिन्होंने रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने के बाद वोट न डालने का फैसला किया, वोटर्स जिन्हें वोट देने की अनुमति नहीं थी और प्रति ईवीएम दर्ज किए गए वोटों की कुल संख्या शामिल होती है.

चुनाव परिणाम से संबंधित कानूनी विवाद के मामले में फॉर्म 17सी का उपयोग किया जा सकता है. बता दें कि कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल्स 1961 में चुनाव से संबंधित दो तरह के फॉर्म का जिक्र है. पहला फॉर्म 17अ और दूसरा 17उ होता है. 17ए में पोलिंग अधिकारी के पास हर मतदाता का ब्योरा होता है. वहीं, 17 उ में मतदान प्रतिशत के आंकड़ों का पूरा विवरण होता है. मतदान की समाप्ति के बाद इसे सभी प्रार्टियों के पोलिंग एजेंट को दिए जाने का प्रावधान है।

# राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव ने की विभागीय समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

### सीडब्लूजेसी व एमजेसी के मामले में प्रतिशपथ पत्र शीघ्र दायर करें

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मंगलवार को विधि शाखा की समीक्षा बैठक की।

बैठक में उपर मुख्य सचिव ने उच्च न्यायालय में दायर वैसे सभी सीडब्लूजेसी, एमजेसी के मामले जिनमें अभी तक प्रतिशपथ पत्र / कारण पृच्छा दायर नहीं किया गया है, उक्त पर अप्रसन्नता व्यक्त की एवं निदेश दिया कि उन सभी मामलों में अविलम्ब अभियान चलाकर प्रतिशपथ पत्र / कारण पृच्छा दायर किया जाये। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि 30 नवंबर तक इस संबंध में अभियान चलाया जाये। इसके लिये एसीएस ने अपने स्तर से सभी समाहताओं को पत्र निर्गत करने का निदेश विधि शाखा को दिया।

ज्ञात हो कि एसीएस द्वारा समय समय पर विभागीय कार्यों के प्रगति की समीक्षा की जाती है। इसी क्रम में विधि शाखा की समीक्षा बैठक करते हुये अपर मुख्य सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि जिन याचिकाओं में प्रतिशपथ पत्र/कारण पृच्छा दायर किया जा चुका है, उसकी प्रविष्टी कोर्ट केस मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कर दिया जाय। विभागीय विधि पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति सीसीएमएस पोर्टल से डाउनलोड कर उसकी समीक्षा कर ली जाय। साथ हीं पारित आदेश की प्रति विभाग के संबंधित प्रशाखा/निदेशालय को अनुपालन हेतु उपलब्ध करायी जाये। उक्त समीक्षात्मक बैठक में विभाग के अपर सचिव अरूण कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी मणि भूषण किशोर, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव शंकर सहित विभाग के अन्य पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

### तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र उपचुनाव :

# जदयू प्रत्याशी ने किया नामांकन



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र उपचुनाव के लिए एनडीए समर्थित जद यू प्रत्याशी अभिषेक झा ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान क्लब मैदान, मुजफ्फरपुर में आयोजित आशीर्वाद सभा में जद यू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद संजय झा, केंद्रीय राज्यमंत्री राज भूषण चौधरी, उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह मंत्री दिलीप जायसवाल, जद यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मंत्री मदन सहनी, मंत्री जमा खां, मंत्री महेश्वर हजारी, परिवहन मंत्री शीला मंडल, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मंत्री जयंत कुशवाहा, मंत्री रत्नेश सदा,जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, एमलसी ललन सर्राफ, एमएलसी नीरज कुमार, एमलसी बिरेन्द्र नारायण यादव, विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह, विधायक पंकज मिश्रा, विधायक दिलीप राय, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी सहित एनडीए के अन्य पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## एनडीए प्रत्याशी की जीत से स्वर्णिम होगा तिरहुत का भविष्य : उमेश

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा मुजफ्फरपुर के क्लब मैदान में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र उप-चुनाव के लिए एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी अभिषेक झा के नामांकन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि तिरहुत का ताल्लुक राजर्षि जनक से लेकर महाराजा हर्षवर्धन तक और भगवान बुद्ध से लेकर सम्राट अशोक तक से रहा है। शिक्षा हो, साहित्य हो, कला हो, कारोबार हो-तिरहुत के लोगों ने अपनी प्रतिभा का लोहा देश-दुनिया में मनवाया है। यहाँ की जनता सामाजिक और राजनीतिक रूप से बेहद जागृत है इसलिए विपक्ष के किसी बहकावे में कभी नहीं आएगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि विकास के प्रति समर्पित मोदी-नीतीश की यह जोड़ी देश और बिहार के लिए वरदान हैं इसलिए एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाकर हमें इस जोड़ी को और अधिक ताकत देना है तभी समृद्ध तिरहुत-समृद्ध बिहार का सपना हम साकार कर सकेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कि डबल इंजन की एनडीए सरकार भावी पीढ़ियों के भविष्य को सजाने और सँवारने की दिशा में निरंतर जुटी हुई है।

# शिलान्यास के बहाने उपचुनाव में लाभ लेने का प्रयास : राठौड़

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार प्रदेश मीडिया कमेटी के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बयान जारी करते हुए कहा है कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी दरभंगा में एम्स के शिलान्यास के लिए नहीं बल्कि चार सीटों के उपचुनाव में प्रचार के लिए आ रहे हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने असम चुनाव में पीएम मोदी के द्वारा दिए गए भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि असम में चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने हजारों की भीड़ के सामने अपने भाषण में दरभंगा में एम्स के चालू होने का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि दरभंगा में एम्स खुल गया है। जबकि वे कल दरभंगा में एम्स के शिलान्यास के लिए आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि बिहार में चार सीटों में हो रहे उपचुनाव में माइलेज लेने के हिसाब से दरभंगा एम्स के शिलान्यास की तिथि 13 नवंबर निर्धारित की गई है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी असत्य तथा भ्रामक प्रचार तंत्र का सहारा ले रहे हैं। एक तरफ तो असम में दरभंगा में एम्स के चालू होने की बात का एलान करते हैं।

वहीं दूसरी तरफ इस एम्स का शिलान्यास करने के लिए कल दरभंगा आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर दरभंगा में एम्स कार्यरत नहीं है तो असम के चुनाव में पीएम मोदी ने जनता के सामने इस झूठ को क्यों पेश किया।

उन्होंने कहा कि बिहार में चार सीटों पर हो रहे उपचुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों को पीएम मोदी के कल के कार्यक्रम से सीधा लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जो पूरी तरह से असफल होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी इसी प्रकार भ्रामक दावों के बदौलत जनता को लंबे समय से बरगला रहे हैं।

# सभी 4 सीटों पर एनडीए के पक्ष में एकतरफा माहौल : उमेश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बुधवार को बेलागंज, रामगढ़, तरारी और इमामगंज के विधानसभा सीटों पर होने वाले उप-चुनाव में स्थानीय जनता विकास और सुशासन के नाम पर वोट करने जा रही है। सभी 4 विधानसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन के पक्ष में एकतरफा माहौल है, विपक्ष कहीं भी चुनौती देने की स्थिति में नजर नहीं आ रहा है। श्री कुशवाहा ने कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार प्रदेश की समृद्धि और विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से समाज का शोषित, वंचित और कमजोर वर्ग विकास की मुख्यधारा में शामिल हुआ है।

उन्होंने अपील करते हुए कहा कि भावी पीढ़ियों की बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करने तथा अपने क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास हेतु एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में एकजुट होकर मतदान करें। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि राजद और उनकी सहयोगी पार्टियां समाजवाद का मुखौटा पहनकर निजी स्वार्थ की राजनीति को आगे बढ़ाती है, उनकी प्राथमिकताओं में जन-समस्याएं दूर-दूर तक नहीं है।

जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 19 वर्षों के शासनकाल में जनसेवा को राजनीति का पर्याय बनाया है। यही कारण है कि प्रदेश की जनता नीतीश कुमार पर अटूट भरोसा करती है।

श्री कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष के पास विकास को लेकर कोई विजन नहीं है। सरकारी खजानों को लूटकर अपनी तिजोरियाँ भरना उनका एकमात्र एजेंडा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद का असली चाल, चारित्र और चेहरा अब जनता के सामने पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है इसलिए झूठ को हवा देकर जनमत पाने की कोशिश को किसी कीमत पर कामयाबी नहीं मिलेगी।

# उपचुनाव में औंधे मुंह गिरेगा राजद : प्रभाकर

प्रातः किरण संवाददाता

**लालू-राबड़ी पर अपने शासनकाल में मुसलमानों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का लगाया आरोप**

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि उपचुनाव में राजद औंधे मुंह गिरेगा। उसकी बोहनी भी नहीं होनेवाली। मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नेता प्रतिपक्ष झूठ की खेती करते हैं। यह क्यों नहीं कहते कि लालू-राबड़ी जी ने अपने शासनकाल में मुसलमानों को सिर्फ.वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। सच तो यह है कि लालू-राबड़ी शासनकाल में जितना नुकसान मुसलमान और यादवों का हुआ, उतना किसी का नहीं। अगर मुस्लिम और यादव लालू प्रसाद के लिए बहुत प्रिय थे, तो जेल जाने के पहले किसी मुसलमान या यादव को सीएम क्यों नहीं बनाया, क्या सबसे ज्यादा योग्य राबड़ी देवी थीं। श्री मिश्र ने कहा कि एनडीए सरकार में चाहे मुस्लिम हों या हिंदू सभी सुरक्षित हैं, बिना किसी भेदभाव के सभी का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राह पर चलते हुए तेजस्वी समाज में फूट डालने की राजनीति कर रहे हैं। लेकिन, इनकी सियासत अब एक्सपोज हो चुकी है।

बिहार उपचुनाव के साथ झारखंड में भी राजद की बोहनी नहीं होगी।

तेजस्वी को मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने की पुरानी आदत है। देखते रहें, किसने मना किया है। लेकिन, यह तय है कि उपचुनाव में बिहार की चारों सीटें एनडीए जीतेगा और झारखंड में भी प्रचंड बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी वक्फ बोर्ड बिल, सीएए और एनआरसी पर लोगों को गुमराह न करें। वक्फ बोर्ड बिल, सीएए और एनआरसी राष्ट्रहित में है। सीएए और एनआरसी राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए जरूरी है।

# पीएम मोदी ने पत्र लिख कर शारदा सिन्हा के निधन पर जताया शोक

■ अंशुमान ने दिवंगत मां के एक्स हैंडल पर पीएम की ओर से प्राप्त पत्र को किया साझा

प्रातः किरण संवाददाता



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिष्ठित लोक गायिका शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमन सिन्हा को पत्र लिख कर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया तथा संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। अंशुमान सिन्हा ने मंगलवार को अपनी दिवंगत मां के एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री की ओर से प्राप्त पत्र की प्रति साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शोक संदेश प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज मां द्वारा किए गए पुनीत सांस्कृतिक योगदान का यथोचित सम्मान सहित भावपूर्ण शब्दावलियों में प्रधानमंत्री ने शोक संदेश भेजा है, साक्षी बन हम परिजन अभिभूत हैं।

प्रधानमंत्री ने पत्र में लिखा कि आपकी माता शारदा सिन्हा के निधन से अत्यंत दुःख हुआ। इस मुश्किल समय में मेरी संवेदनाएं आपके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। लोक परंपरा और जीवन के संस्कारों से जुड़े अपने गीतों से शारदा सिन्हा ने हमारी संस्कृति को समृद्ध किया। मैथिली और भोजपुरी में अपनी सहज और खनकती आवाज में गाए लोकगीतों से उन्होंने जन-जन के हृदय को छुआ। उन्होंने लिखा कि लोकगीतों के अलावा फिल्मों में भी शारदा सिन्हा की आवाज के जादू ने अनगिनत संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। उन्हें पद्म पुरस्कारों सहित कई सम्मान मिले। संगीत से जुड़े युवाओं को उनका अमूल्य मार्गदर्शन मिलता रहा। प्रधानमंत्री ने लिखा कि आस्था के महापर्व छठ से जुड़े उनके गीत तो मानो इस महापर्व का अभिन्न अंग बन गये हैं। भगवान भास्कर और छठी मैया को समर्पित उनके गीत आने वाली पीढ़ियों को भी अपनी परंपरा से जोड़ते रहेंगे। उन्होंने लिखा कि बिहार कोकिला की आधी सदी से भी लंबी संगीत की साधना कला जगत की एक अनमोल धरोहर है। उनका निधन संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मोदी ने दिवंगत लोक गायिका से अपनी मुलाकातों को याद करते हुए लिखा कि सहज और सरल स्वभाव की धनी शारदा सिन्हा के साथ हुई स्नेहपूर्ण भेंटआज भी स्मरण है।

# एंटी स्मोक गण एवं स्वीपिंग मशीन से किया जा रहा सड़कों पर पानी का छिड़काव

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। शहर को स्वच्छ बनाने एवं वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पटना नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक जगहों पर स्वीपिंग मशीन, एंटी स्मॉग गण एवं वाटर स्प्रिंकल के माध्यम से सफाई एवं धुलाई की जा रही है। प्रतिदिन रात्रि एवं दिन की पाली में अशोक राजपथ, बोरिंग रोड, बेली रोड, बाड़ी पथ, पोलो रोड, अटल पथ, डाकबंगला चौराहा, मीठापुर, कंकड़बाग सहित अन्य सड़को पर एंटी स्मॉग गण द्वारा छिड़काव किया जा रहा है। गौरतलब है कि मशीनीकृत सफाई के माध्यम से पटना नगर निगम द्वारा रोड की धुलाई, पानी का छिड़काव सहित अन्य सफाई के कार्य किए जाते हैं। स्वीपिंग मशीन19, एंटी स्मॉग गण12, वाटर स्प्रिकल14।




### वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए कारगर है एंटी स्मॉग गण :

पटना नगर निगम द्वारा इस्तेमाल की जा रही एंटी स्मॉग गण मशीन में पानी का टैंकर लगा है,जिसकी क्षमता 9000 लीटर है। मशीन को ऐसे डिजाइन किया गया है कि यह 180 डिग्री तक घूमकर पानी की फुहारों का छिड़काव कर वायुमंडल से वायु प्रदूषण को कम करती हैं। सड़कों से होकर वातावरण में उड़ती धूल को एंटी स्मॉग गन से सामान्य करने में मदद मिलती है। बता दें कि एंटी-स्मॉग गन एक अति सूक्ष्म कोहरे को बनाने के लिए इस प्रकार डिजाइन की गई है, जिससे यह बहुत महीन पानी की बूंदें (10 माइक्रॉन से कम) उत्पन्न करती हैं। यह महीन पानी की बूंदें बड़े क्षेत्र में उच्च गति के पंखे की मदद से बौछार के माध्यम से फैलाई जाती हैं। इससे यह हवा में मौजूद छोटे धूल कणों को अवशोषित कर लेती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने की समीक्षा बैठक

छपरा कार्यालय ।मंगलवार को जिला पदाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में भू-अर्जन संबंधी मामलों की समीक्षा की गई,जिसमें अपर समाहर्ता सारण सहित अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि रिविलगंज बाईपास के निर्माण हेतु जिगना मौजा में कुल 60 अधिग्रहित भूमि रैयत हैं, जिनको भुगतान किया जाना है। परन्तु कुछ रैयतों द्वारा आवश्यक कागजात समर्पित नहीं किया जा रहा है तथा कार्य बाधित किया जा रहा है। जिगना मौजा में बगैर वैध दस्तावेज के कार्य बाधित करने वाले लोगों के विरूद्ध प्राथमीकि दर्ज करने का निर्देश जिला पदाधिकारी सारण के द्वारा दिया गया।

### रिलायंस देश का प्रतिनिधि कारोबारी घराना, इसकी बड़ी छूट और इनामी योजना का जनता उठाएं लाभ : गरिमा

बेतिया। त्योहारों को खुशहाल बनाने के के लिए जिओ बीपी पंप ने पूरे भारत में पेट्रोल भरो एसयूवी जीतो स्कीम चल रहा है। इसमें जिओ बीपी (रिलायंस) पंप जो स्टेशन चौक पर स्थित है वह प्रतिदिन 50- 500 तक का कूपन पांच लकी ग्राहकों को मिलता है। पूरे हिंदुस्तान में जिओ बीपी पंप पर प्रति सप्ताह 20 ग्राहकों को 15000 रुपए का गोल्ड वाउचर मिलता है। उसी में एक 15000 का गोल्ड वाउचर बेतिया के ग्राहक को मिला जो की पंप मालिक अजय कुमार केशान कंपनी प्रतिनिधि अंशु कुमार के सामने बेतिया महापौर गरिमा देवी सिकारिया के द्वारा ग्राहक को प्रदान किया गया। इस मौके पर महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि रिलायंस देश का प्रतिनिधि व्यवसायिक घराना है। जिसकी इस बड़ी छूट और इनामी योजना का लाभ लोगों को बढ़ चढ़ के उठाना चाहिए।जियो बीपी पंप प्रतिनिधि अभिजीत केशान के द्वारा स्कीम के विषय में बताया गया कि यह स्कीम बीते 31 दिसंबर 2024 तक चल रहा है। इसके बाद एसयूवी का ड्रा होगा जिसमें पूरे हिंदुस्तान में 20 भाग्यशाली ग्राहकों को एसयूवी विजेता घोषित किया जाएगा।

### नवनियुक्त उर्दू विभागाध्यक्ष के सम्मान में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

छपरा ' जय प्रकाश विश्वविद्यालय में उर्दू विभाग के नव नियुक्त विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मजहर किबरिया के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर समी अहमद, पूर्व विभागाध्यक्ष ने अपने अनुभव साझा करते हुए नव नियुक्त विभागाध्यक्ष को काम में पूरी मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। जबकि प्रोफेसर अरशद मसूद हाशमी पूर्व विभागाध्यक्ष ने उर्दू भाषा और साहित्य की तरक्की के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किए और इस दिशा में किए गए प्रयासों को रेखांकित किया। इस अवसर पर नव नियुक्त विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मजहर किबरिया ने अपने संबोधन में विभाग को और अधिक उन्नति की दिशा में काम करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे पूरे लगन और मेहनत से काम करेंगे और विभाग को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए उनकी उपस्तिथि अनिवार्य बताया । उन्होंने कहा कि आप प्रतिदिन क्लास में आये हुए अपनी पढ़ाई को पूरी करें। इस अवसर पर डॉ. रंजीत कुमार पूर्व रजिस्ट्रार, डॉ. सरफराज अहमद पूर्व रजिस्ट्रार, पूर्व अध्यक्ष जूलॉजी प्रो. राणा विक्रम सिंह, डीन एकेडमिक्स प्रो. राम नाथ प्रसाद, अध्यक्ष मनोविज्ञान प्रो. पूनम सिंह, पूर्व अध्यक्ष इतिहास प्रो. सैयद रजा, अध्यक्ष इतिहास विभाग प्रो. राजेश नायक, संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. दीपांशु कुमार, डॉ. मनोज कुमार के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों के अलावा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे '

### और मंचपर आते ही छा गई निशा उपाध्याय

डोरीगंज थाना क्षेत्र के सिंगही गांव में त्रिदिवसीय नाट्य महोत्सव के समापन सत्र में प्रख्यात लोक गायिका निशा उपाध्याय पहुंची राघव सेवा संस्थान के रंग मंच पर। निशा उपाध्याय के आने कि सुचना मिलते ही भारी भीड़ पंडाल में पहुंच गई। नौजवानो का जत्था निशा उपाध्याय के साथ सेल्फी लेने को बेताब दिखीं। समापन सत्र में मंच पर आते ही अपनी गायिकी - पता नही किस रूप आकर नारायण मिल जायेंगे। भजन करो मस्त जवानी में बुढ़ापा किसने देखा है गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबुर कर दिया।राघव सेवा संस्थान सिंगही के सुरक्षा सेवकों ने बढ़ती बेकाबू भीड़ को नियंत्रित किया। तत्पश्चात सोनपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं दिघवारा जिला पार्षद प्रतिनिधि सुमन कुमार यादव और चंदन कुमार ने समापन भाषण दिया। संस्थान के द्वारा प्रस्तुत समापन नाटक श्री कृष्ण का मंचन हुआ।श्री कृष्ण कि भुमिका में कृष्ण कुमार भास्कर, जरासंध - नरसिंह मांझी, शिशुपाल - शिवनाथ प्रसाद यादव,अस्ती - अनिल कुमार एवं रुक्मिणी कि भुमिका में रवि पटेल अमिट छाप छोड़ने में सफल रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं जिला स्तरीय चौर विकास समिति की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं जिला स्तरीय चौर विकास समिति की बैठक जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण सुमित कुमार, अपर समाहर्त्ता (राजस्व) राजीव कुमार सिंह, जिला मत्स्य पदाधिकारी, ज्ञान शंकर सहनी, जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार राय सहित जिला उद्यान पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं प्रगतिशील मत्स्य कृषक आदि उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि मत्स्य विभाग के पोर्टल पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग में 5 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मुख्य रूप से आइस प्लांट अधिष्ठापन, लघु फीड मील अधिष्ठापन, मोबाईल फिश किऑस्क अवयवों में आवेदन प्राप्त है। अनुसूचित जनजाति वर्ग में 12 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मुख्य रूप से तालाब निर्माण, बायोफ्लॉक अधिष्ठापन, फिश किऑस्क का निर्माण, प्रसार सलाह केन्द्र, जिन्दा मछली बिक्रय केन्द्र, अलंकारी मछलियों का संवर्द्धन अवयव में आवेदन प्राप्त है। वहीं महिला एवं अन्य वर्ग में विभिन्न अवयवों में कुल 72 आवेदन प्राप्त है। समिति की बैठक में कुल 89 आवेदनों में से इच्छुक एवं विभाग द्वारा निर्धारित आवश्यक अहर्त्ता पूर्ण करने वाले आवेदनों का चयन किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला मत्स्य पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि योजना का क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण पारदर्शितापूर्वक सुनिश्चित करें ताकि प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजना से लाभान्वित होकर जिले के आम लोगों को वैज्ञानिक पद्धति आधारित मत्स्य बीज, मत्स्य उत्पादन, मत्स्य विपणन, मत्स्य भंडारण मत्स्य प्रसंस्करण एवं मत्स्य आहार उत्पादन आदि व्यवसाय द्वारा सतत गुणवतापूर्ण खाने योग्य मछलियों की उपलब्धता बाजार में सुनिश्चित कराई जा सके साथ ही रोजगार के नए अवसर सृजित हो, किसानों की आय में वृद्धि तथा जिले को मत्स्य बाहुल्य क्षेत्र बनाया जा सके। जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष जिला स्तरीय चौर विकास समिति द्वारा समिति के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना पर सघन चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना के क्रियान्वयन से निम्नलिखित लाभ होने की संभावना है:- (1) अव्यवहत पड़े निजी चौर भूमि का उपयोग मत्स्य पालन एवं अन्य कृषि उत्पादन हेतु किया जा सकेगा। (2) उपयुक्त तकनीकी मॉडलों के जरियें उत्पाद में विविधता से उत्पादन एवं उत्पादकता में अभिवृद्धि हो सकेगा। (3) इसके सफल कार्यान्वयन से मत्स्य उत्पादन के साथ-साथ भू-जल स्तर में भी बढ़ोतरी हो सकेगी। इससे यह राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी ह्लजल-जीवन-हरियाली अभियानह्न में भी सहायक होगी। (4) इससे किसानों को रोजगार के साथ-साथ आय में अभिवृद्धि होगी तथा सुदूर ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ हो सकेगी। जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा समिति को बतलाया गया कि जिले को योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 20 हेक्टर का लक्ष्य प्राप्त है।

## विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला सज -धज कर तैयार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हाथों उद्घाटन आज

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा । विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला सोनपुर सज धजकर तैयार, बुधवार को पर्यटन विभाग के मुख्य संस्कृत पंडाल में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हाथों ऐतिहासिक पशु मेला का उद्घाटन होगा ।

इस उद्घाटन समारोह में सुबे के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, साइंस एवं टेक्नोलॉजी मंत्री सुमित कुमार सहित स्थानीय सांसद एवं जनप्रतिनिधि शिरकत करेंगे जिला प्रशासन द्वारा ऐतिहासिक मेला को लेकर मुकम्मल तैयारी कर ली गई है ।

ऐतिहासिक मेला के अवसर पर गंगा स्नान करने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है।

और इस दिन स्नान का विशेष महत्व है यही कारण है की गंगा स्नान पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐतिहासिक मेला आयोजन को लेकर मुख्य सचिव अमृतसर मीणा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस बाबत एक बैठक कर संबंधित विभागों से जानकारी हासिल किया। जिलाधिकारी अमन समीर ने इस बाबत बताया कि विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला सोनपुर को 4 सेक्टर में बाटकर कर साफ- सफाई के लिए एजेंसी को अधिकृत किया गया है मेला को व्यवस्थित ढंग से संचालन के लिए 21 पुलिस थाना एवं नौ वॉच टावर बनाए गए हैं।

## नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में एक-एक खेल क्लब का गठन करने का निर्देश

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया। राज्य के सभी नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में खेल के आधारभूत संरचनाओं के विकसित करने तथा खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक-एक खेल क्लब के गठन करने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है।जारी निर्देश में कहा गया है कि विभागीय मार्गदर्शिका के तहत 17 प्राथमिकता वाले खेल विषयों में सक्रिय क्लबों को प्राथमिकता के तहत जबकि अन्य खेलों में शामिल क्लबों का भी पंजीकरण कराये जाने का प्रावधान है। सभी सदस्य उसी पंचायत के निवासी/आयुसीमा 14-45 वर्ष/यथा संभव महिला व पुरुष दोनों की भागीदारी/खेल विधा में रुचि रखने वाले सदस्य तथा शारीरिक शिक्षक, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आदि योग्यता होनी चाहिए। जिसका बेवसाइट लिंक पर जाकर या दफकोड स्कैन कर अपना पंजीयन करा सकते है। पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत सभी नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में एक-एक खेल क्लब गठन हेतु सभी प्रखण्ड पंचायत पदाधिकारी, चम्पारण/संबंधित पंचायत के मुखिया/वार्ड सदस्य/खिलाड़ी/प्रशिक्षक/ शारीरिक शिक्षक/शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक द्वारा पोर्टल पर जाकर या दफकोड स्कैन कर 10 दिनों के अंदर पंजीकरण कराने हेतु संसूचित करने तथा पंजीयन उपरांत जिला खेल कार्यालय, चम्पारण, बेतिया के मेल पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी प्रकार की पृच्छा होने की स्थिति में जिला खेल पदाधिकारी के मो0 - 7870066892 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# इसुआपुर के लाल डॉक्टर अमरेश को मुंबई में मिला अवार्ड

प्रात : किरण, संवाददाता



इसुआपुर । जिले के मशहूर हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ सुश्रुत ऑर्थो हॉस्पिटल छपरा के संचालक तथा प्रखंड के अटौली गांव निवासी डॉक्टर अमरेश कुमार को चिकित्सा सेवा में बेहतर कार्य करने को लेकर मुंबई में महाराष्ट्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री तथा फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने चार चार अवार्ड्स देकर सम्मानित किया है। ह्यूमन राइट्स एण्ड सोशल अफेयर्स की तरफ से मुंबई के ताज होटल में आयोजित इस सम्मान समारोह के लिए बिहार के तीन चिकित्सकों समेत देश स्तर पर 30 चिकित्सकों का चयन किया गया था। स्वास्थ्य पर बेहतर स्पीच देने के लिए भी डॉक्टर अमरेश को वहां सम्मानित किया गया। इसुआपुर के इस लाल को सम्मान मिलने पर इसुआपुर बाजार के प्रिया हॉस्पिटल में भी एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड के सैकड़ों जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा चिकित्सकों ने डॉक्टर अमरेश कुमार को फूल माला पहनाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया। स्थानीय विधायक जनक सिंह, वरीय नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, जिला पार्षद छविनाथ सिंह, डॉ ददन प्रसाद सिंह, मुखिया अजय राय, धनंजय पांडेय, बिस्कोमान के प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, राजेश राय, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, अमरनाथ प्रसाद समेत सैकड़ो लोगों ने अपने चिकित्सक लाल की कामयाबी पर गर्व महसूस करते हुए डॉक्टर अमरेश को बधाईयां दी हैं।

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया वर्षगाँठ महोत्सव

प्रात : किरण, संवाददाता



लहलादपुर प्रखंड क्षेत्र के सारण गांव स्थित श्रेष्ठ विद्यालय का वर्षगांठ काफी हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत एवं शुभ उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में आये हुए प्रकाश बीएड कॉलेज के प्रचार्य डॉक्ट द्वारिका शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. अपने उदघाटन भाषण में उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए इन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा देने की कोशिश करनी चाहिये. शर्मा ने श्रेष्ठ विद्यालय के संस्थापक एवं प्रचार्य से आग्रह किया कि बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ सामाजिक एवं व्यवहारिक शिक्षा भी देने की जरूरत समझें. इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने खूब ही अपना जलवा बिखेरा तथा वाहवाही लूटी. अपने गीत-संगीत एवं ओजस्वी भाषण से उपस्थित अभिभावक तथा लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. विद्यालय के वर्षगाँठ पर शैलेश प्रसाद, रामाशीष यादव, राजबल सिंह कुशवाहा सहित दर्जनों सम्मानित लोग एवं शिक्षक मौजूद थे.

## कोपा में चला प्रशाशन का बुलडोजर,आठ वर्षों बाद कराया गया अतिक्रमण मुक्त



प्रात : किरण, संवाददाता

कोपा / कोपा थाना क्षेत्र के हरदे छपरा गांव के वार्ड संख्या- 6 में सरकारी जमीन पर आठ वर्षों से अतिक्रमित जमीन पर मंगलवार को पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया।जिस भूमि पर अतिक्रमण किया गया था उसी जमीन पर 2 करोड़ की लगात से पशु चिकित्सालय का निर्माण होना है। अतिक्रमण नहीं हटाने के कारण हास्पीटल निर्माण में बाधा आ रही थी।इसके लिए अतिक्रमण वाद चलाया गया था।अतिक्रमण हटाने में जलालपुर अंचल पदाधिकारी अविनाश कुमार,कोपा थानाध्यक्ष पिन्टू कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी थी। पुलिस को अतिक्रमण हटाने में कॉफी मश्क्कत के बाद हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा।

# धान अधिप्राप्ति को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

## अधिप्राप्ति हेतु किसानों के निबंधन की धीमी प्रगति पर जताई गहरी नाराजगी

**● किसानों के निबंधन एवं अधिप्राप्ति कार्य में शिथिलता बरतने को लेकर सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों का वेतन कार्य में अपेक्षित सुधार होने तक स्थगित करने का दिया आदेश**

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया 1 नवंबर से शुरू हो चुकी है। 15 फरवरी 2025 तक किसानों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जायेगी। 15 जून 2025 तक सीएमआर जमा करने की अवधि निर्धारित है। सारण जिला में धान अधिप्राप्ति हेतु विगत वर्ष के लक्ष्य के आधार पर 113248 एमटी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक 17 किसानों से 92.6 एमटी (926 क्विंटल) धान की अधिप्राप्ति की गई है। इस वर्ष सामान्य धान के लिए 2300 प्रति क्विंटल तथा ग्रेड ह्यएह्न धान के लिये 2320 प्रति क्विंटल का लक्ष्य निर्धारित है। प्रति रैयत किसान से अधिकतम 250 क्विंटल तथा प्रति गैर रैयत किसान से अधिकतम 100 क्विंटल धान क्रय किया जा सकता है। इस वर्ष अभी तक सारण जिला के 247 पैक्स/नगर पैक्स तथा 11 व्यापार मंडल धान अधिप्राप्ति हेतु चयनित किये गए हैं। धान अधिप्राप्ति के तहत सीएमआर के लिये 31 राइस मिलों का निबंधन किया गया है। मंगलवार को जिलाधिकारी अमन समीर ने धान अधिप्राप्ति को लेकर समीक्षा बैठक किया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिला में अभी तक धान अधिप्राप्ति हेतु मात्र 1384 किसानों का निबंधन हुआ है जिसमें 1042 रैयत किसान एवं 342 गैर रैयत किसान शामिल हैं। जिलाधिकारी ने किसानों के निबंधन की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। निबंधन की धीमी प्रगति एवं अधिप्राप्ति कार्य मे शिथिलता बरतने को लेकर सभी प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारियों का वेतन अवरुद्ध करने का निदेश दिया। जब तक किसानों के निबंधन एवं अधिप्राप्ति प्रक्रिया में अपेक्षित प्रगति नहीं होगी, तब-तक सभी का वेतन अवरूद्ध रहेगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सम्पूर्ण अधिप्राप्ति प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करें अन्यथा दोषी पाये जाने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर समाहर्त्ता, वरीय उपसमाहर्त्ता अधिप्राप्ति, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

# एसडीओ ने खेल कूद प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

प्रात : किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन सारण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हैंडबॉल राज्य स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 -25 का उद्घाटन स्थानीय राजेंद्र स्टेडियम में अनुमंडल पदाधिकारी श्री लक्ष्मण तिवारी भा०प्रा०स०द्वारा किया गया।। उद्घाटन मैच सारण और रोहतास के बीच हुआ । जिला खेल पदाधिकारी ने आगत अतिथियों को गुलदस्ता और पौधा देकर सम्मानित किया।। अनुमंडल पदाधिकारी श्री तिवारी ने बताया कि खेल समाज की रूपरेखा तय करती है ।।खेल द्वारा समाज में कटुता की भावना खत्म होती है और लोग भाईचारे के रूप में एक दूसरे के साथ सहभागिता पूर्वक रहते हैं।।। खेल मानव शरीर को चुस्त -दुरुस्त बनती है।। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु खेल प्राधिकरण पटना द्वारा कई तकनीकी पदाधिकारी का प्रतिनियोजन किया गया है, जिसमें संजय कुमार सिंह ,रितेश कुमार सिंह, बबलू कुमार ,राधा कुमारी ,संजीव कुमार सिंह, अमित कुमार ,अभिषेक कुमार सिंह, मुकेश कुमार झा ,राजा कुमार सिंह ,आकाश कुमार।। इस अवसर पर मुख्य रूप से सारण जिला हैंडबॉल अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह, जिला संयोजक संजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, यशपाल सिंह,सुजीत कुमार,किशोर कुणाल ,अवधेश कुमार राय, पंकज कुमार चौहान ,मृत्युंजय कुमार सिंह, सकलदीप कुमार , नीलम गुंजन ,पंकज कश्यप, रूपनारायण ,गौरी शंकर ,अमित कुमार ,दीपक कुमार ,राजेश शुभांगी , रोहित यादव, पिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, लवली कुमारी, राकेश कुमार सिंह,सुरज आदि उपस्थित रहे।।मंच संचालन संजय भारद्वाज द्वारा किया गया।

# अमनौर में डेंगू का प्रकोप बढ़ने से मची हाहाकार,दर्जनों बीमार

प्रात : किरण, संवाददाता



अमनौर। प्रखंड के दर्जनों पंचायत में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है इसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग मौन है। बढ़ते डेंगू के प्रकोप से अमनौर बाजार के शिक्षिका रानी कुमारी टिंकू कुमार शिक्षक अंकित कुमार पप्पू कुमार रंजन कुमार आदित्य कुमार बीमार पड़े है।कोई सरकारी सरकारी अस्पताल में तो कोई निजी अस्पताल में अपना उपचार करा रहे है।चिकित्सक द्वारा डेंगू के पुष्टि करने के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभी तक दवा छिड़काव का कार्य नही कर रहे है। डेंगू पीड़ित मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती दिख रही है। प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण बुखार की शिकायत लेकर निजी व सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। डेंगू के फैलने से लोग अमनौर बाजार में रुकना पसन्द नही कर रहे है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन से डेंगू मच्छर के प्रकोप की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जाने की मांग की है।.

# कार्तिक शुक्ल एकादशी के अवसर पर तुलसी का दामोदर के साथ परंपरागत विवाह संपन्न

प्रात : किरण, संवाददाता



बगहा। इंडो नेपाल सीमा स्थित नारायणी गंडक के तट पर कार्तिक शुक्ल एकादशी के मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। स्नान ध्यान के बीच श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम स्थित कौलेश्वर व जटाशंकर मंदिर में पूजार्चना की।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल एकादशी के दिन भगवान विष्णु के प्रतिक के रूप मे माना जाने वाला तुलसी का दामोदर के साथ विवाह कर हरिबोधिनी एकादशी पर्व मनाया जाता है। हरिबोधिनी एकादशी के बारे मे नेपाल स्थित त्रिवेणी गजेन्द्र मोक्ष दिव्य धाम के उतराधिकारी स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य जी महराज जी ने बताया की आषाढ़ शुक्ल एकादशी अर्थात हरीशयनी एकादशी के दिन से क्षिण सागर मे शयनयान करने वाले विष्णु भगवान आज के दिन शयनयान कक्ष से बाहर आते है। इसलिए आज के एकादशी को हरिबोधिनी अथवा प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है। आज के दिन हरीशयानी एकादशी के दिन घर घर मे लगाया गया तुलसी के पौधों को अच्छी तरह से सजा कर फूल माला पहनाकर दामोदर के साथ विवाह किया जाता है। चुकी तुलसी भगवान विष्णु का सबसे प्रिय है इसलिए कार्तिक महीना भर सभी देवी देवता तुलसी मे निवास करते है। इसलिए आज के दिन तुलसी का दामोदर के साथ विवाह करने की परंपरा है। आदिकाल से तुलसी की पूजा करने का चलन आ रही परंपरा तथा इसकी महिमा को वैज्ञानिक भी लाभदायक बताते है। जिस घर मे तुलसी का पौधा लगा होता है उसर घर को ऐश्वर्य व तीर्थ समान माना जाता है।

## डीएम साहब जांच कर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करें : रामबाबू यादव



प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। गए 4 एवं 5 नवंबर को बाबा सोमेश्वर नाथ अरेराज महोत्सव मनाया गया था। पर्यटक विभाग की तरफ से यह प्रोग्राम पूर्ण रूप से सरकारी प्रोग्राम था, जिसमें पर्यटक विभाग के तरफ से 34 लाख रुपया आया था, प्रोग्राम के लिए जिसमें सिर्फ एक ही डाल के माननीय लोगों को मंच पर देखा गया था, महागठबंधन के जितने भी विधायक हैं, किसी को सूचित नहीं किया गया। माननीय जिन लोगों से मेरी बात हुई सबों ने कहा कि सूचित नहीं किया गया है। उक्त आरोप रक्सौल महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव ने लगाते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है। उन्होंने कहा है कि पिछले दिनों कांग्रेस कमेटी के तरफ से डीएम साहब को एक जांच की मांग की गई है, मैं भी मांग कर रहा हूं कि डीएम साहब अविलंब इसकी जांच कर जो भी दोषी पदाधिकारी है, उन पर कार्रवाई करें, दोबारा ऐसा कोई गलती ना करें, अन्यथा हागठबंधन के तरफ से विधानसभा इस बात को उठाया जाएगा, जरूरत पड़ेगी तो हम लोग धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

# सारण पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में 26 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक- 11.11.2024 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 29 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-08, शराब सेवन-05, हत्या के प्रयास में-03, वारंट में-06, चोरी में-01, हत्या में-02 एवं अन्य में-01 अभियुक्त शामिल हैं। जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 87 वाहनों से 1,61,500 रू० जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-88.50 ली०, विदेशी शराब-187.25 ली०, बोलेरो-01, पिस्टल-01 एवं मोबाइल-01 बरामद किया गया है।

## एसबीआई बैंक और एटीएम केंद्र की आपातकालीन हूटर बजने से हड़कंप मचा, पुलिस ने मोर्चा संभाला

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित एसबीआई बैंक और गोलचौक परिसर के एसबीआई एटीम की आपातकालीन हूटर बजने से आसपास अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची वाल्मीकिनगर पुलिस मामले की जांच में जुट गई ।बतादें की एसबीआई बैंक और इसका एक मात्र एटीएम गोलचौक में स्थित है। शाम के साढ़े 6 बजे होंगे तभी बैंक और एटीएम में लगी आपातकालीन हूटर बजने लगी ।इस अप्रत्याशित घटना की जानकारी लोगों ने फोन के जरिए इस पत्रकार को दी ।पत्रकार के द्वारा स्थानीय थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को दिया गया ।सूचना को गम्भीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष फौरन घटनास्थल पर पहुंच गए और बैंक समेत एटीएम को चारों तरफ से घेरे में ले लिया ।इसके बाद बैंककर्मियों को घटनास्थल पर बुलाया गया ।तदुपरांत आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की गई। जब थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे तो हूटर बजना बंद हो चुका था। घटना की जानकारी इस पत्रकार ने एसबीआई के बैंक मैनेजर को भी देनी चाही लेकिन मैनेजर का फोन स्वीच ऑफ मिला। आसपास के लोगों ने बताया कि यह करीब 45 मिनट तक बजता रहा था और ऐसा कई बार हुआ जब हूटर बजा। लेकिन एसबीआई का एक भी कर्मी मौके पर मौजूद नहीं था और ना ही घटनास्थल पर पहुंचकर कोई सुध ली और न कोई जानकारी स्थानीय थाने को इस बाबत दी ।बतादूँ की एटीएम का शटर बंद था और उसपर टाला जड़ा हुआ था ।जिस वजह से एटीएम के अंदर की गतिविध लोगों को समझ मे नहीं आ रही थी कि अंदर क्या चल रहा है।

समझा जाता है कि एटीएम में तकनीकी खराबी आ गई थी इसलिए बार बार हूटर बज रहा था।

हालांकि की थानाध्यक्ष संजय सिंह ने खुद मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की ।उन्होंने बताया कि बैंक मैनेजर और एटीएम गार्ड को बुलाया गया ।एटीएम केंद्र का शटर खोलकर जांच की गई तो दो वायर आपस मे सटे मिले।

### तरारी विधानसभा उप चुनाव

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी, भोजपुर एवं पुलिस अधीक्षक, भोजपुर के द्वारा किया गया संयुक्त ब्रीफिंग

प्रातः किरण संवाददाता




आरा । 196- तरारी विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु मतदान कर्मियों/ सेक्टर पदाधिकारी/ जोनल दंडाधिकारी/ सुपर जोनल दंडाधिकारी /सब- सुपर जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को सामान्य प्रेक्षक,जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी, भोजपुर एवं पुलिस अधीक्षक, भोजपुर के द्वारा संयुक्त ब्रीफिंग की गई।

एश्ट संग्रहण केंद्र, ब्रह्मर्षि सहजानंद सरस्वती महाविद्यालय,बचरी,पीरो में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी द्वारा ब्रीफिंग मे सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी के दायित्व के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही उन्होंने भेधय टोलो एवं क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखते हुए मतदाताओं को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचकों के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए हर प्रत्येक 2 घंटे पर मतदान का स्वच्छ प्रतिवेदन जिला नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध करने का निर्देश दिया। साथ ही साथ जिलाधिकारी महोदय ने जिला नियंत्रण कक्ष का संपर्क सूत्र भी आम मतदाताओं के साथ साझा किया (06182 248702)।

जिलाधिकारी द्वारा सभी जोनल दंडाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मतदान समाप्ति के पश्चात सभी दल निर्धारित रूट से संग्रहण केंद्र तक सुरक्षित पहुंचे, इसका सतत अनुसरण करेंगे।साथ ही सभी पीठासीन पदाधिकारी को ढशीश्रल्लॅ अस्त्रस्त्र इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया ।

जिलाधिकारी द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर जीविका दीदी को आगे बढ़कर मतदान करने एवं मतदाताओं को मत देने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बताता गया कि जिला एवं अनुमंडल स्तर पर एक -एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है ताकि किसी भी मतदान कर्मी एवं मतदाताओं को असुविधा न हो।

इस ब्रीफिंग में अनुमंडल पदाधिकारी पीरो/ आरा सदर,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,पीरो/ जगदीशपुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी,सभी जोनल दंडाधिकारी, सभी सब- सुपर जोनल दंडाधिकारी,सभी सुपर जोनल दंडाधिकारी, वरीय दंडाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## महिला दरोगा द्वारा महिला की पिटाई का वीडियो वायरल

### पुलिस टीम एक फायरिंग मामले की जांच करने गौरक्षणी पहुंची थी



प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) : सासाराम के नगर थाना क्षेत्र के गौरक्षणी में एक महिला दारोगा द्वारा एक महिला की पिटाई का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है ।यह वीडियो कल का बताया जाता है ।वीडियो में दिख रही महिला दारोगा सासाराम के नगर थाना में तैनात श्वेता कुमारी बताई जा रही है ।पुलिस टीम एक फायरिंग मामले की जांच करने गौरक्षणी पहुंची थी ।पूछताछ के दौरान महिला दरोगा श्वेता कुमारी द्वारा घर की एक महिला की पिटाई की गई ।पिटाई के दौरान महिला ने कहा कि अगर वह किसी मामले में दोषी है, तो उसे थाना ले जाया जाए, लेकिन मारपीट नहीं की जाए ।पिटाई के समय महिला के छोटे बच्चों के सामने ही उसकी मां की पिटाई हो रही थी ।वीडियो में एक पुरुष पुलिसकर्मी भी साढ़े ड्रेस में नजर आ रहा है ।वायरल वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते है, लेकिन यह रोहतास जिले में तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो ।रोहतास पुलिस को इस मामले की जांच करनी चाहिए।

## एक बुजुर्ग महिला को गैस सिलेंडर लदा ट्रक ने रौंदा

जमुई , थानाक्षेत्र के रजला पंचायत अंतर्गत रजला रेलवे फाटक के पास सोमवार को खाली गैस सिलेंडर से भरी ट्रक ने बुजुर्ग महिला को रौंद दिया जिससे घटना स्थल पर ही बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृत महिला की पहचान रजला गांव निवासी मरहूम लुकमान मियां की 70 वर्षीय पत्नी जुलेखा खातून के रूप में हुई है। वही पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि ट्रक चालक सहिया बनजामा गांव की ओर वाहन लेकर भाग रहा है जिसके बाद पुलिस ट्रक का पीछा किया तो चालक बनजामा गांव के पास ट्रक छोड़कर मौके स्थल से फरार हो गया जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त किया। इधर घटना के बाद चालक अपना वाहन लेकर घटनास्थल से फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी प्राप्त हुई तो पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर 2 जमुई भेज दिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि ट्रक जब्त करने के बाद पुलिस चालक के खिलाफ आगे की कार्रवाई करने में जुट चुकी है।

# शादी से इंकार करने पर युवती को दो मंजिले छत से फेंका, हुई मौत
# आक्रोशित लोगों ने शव के साथ किया सड़क जाम

प्रातः किरण संवाददाता



संझौली(रोहतास) बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के संझौली थाना अंतर्गत अमैठी गांव में सोमवार की रात साढ़े आठ बजे एक युवती को गांव के हीं एक युवक ने दो मंजिले छत से नीचे फेक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने मंगलवार की सुबह शव के साथ संझौली थाना मोड़ के पास बिक्रमगंज सासाराम मुख्य पथ को जाम कर दिया। वे हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। एसडीपीओ बिक्रमगंज कुमार संजय ने हत्यारे को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर लोगों को समझा बुझा कर जाम हटवाया। इस संबंध में युवती की मां कौशल्या कुवर के बयान पर संझौली थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरी बेटी दुर्गा कुमारी के साथ बहुत पहले से राकेश कुमार पिता रामेश्वर पासवान धमकी देता था कि अगर वह शादी मेरे अलावा किसी और से करेगी तो जान से बार देगें। हम लोग डर के वजह से चुपचाप रहते थे, क्योंकि हमारे तीनों बेटा बाहर में नौकनी करता है। घर पर मां बेटी के अलावा कोई नहीं रहता है। धमकी की बात अपने बेटे लोग से नहीं कहा कि आयेंगें तो झगड़ा हो जायेगा । सोमवार को अपनी बेटों भी शादी का दिन तय कर घर वापस आये तो रात के 8.30 बजे रामेश्वर पासवान पिता स्व. ज्यूत पासवान, राकेश कुमार पिता रामेश्वर पासवान, शारदा देवी पति रामेश्वर पासवान, काश्मीरा देवी पिता रामेश्वर पासवान और रामेश्वर पासवान का दामाद हमारे घर आकर हमसे झगड़ा मार पीट गाली गलौज जाति सूचक शब्द लगाकर करने लगे। राकेश कुमार हाथ में पिस्टल लहराते हुए कहने लगा कि अपनी बेटी की शादी दिन लौटा दो। नहीं तो पूरे परिवार को गोली मार देगें। बात नहीं मानने पर हमारी बेटी को घसिटते हुए दो मंजिला छत पर ले गया और वहां से नीचे फेक दिया। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गई। आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए नोखा लेकर जा रही थी कि रास्ते में हीं उसकी मौत हो गई।

## 12 बकायेदार उपभोक्ताओं के काटे गए विद्युत कनेक्शन

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास) : प्रखंड बिक्रमगंज क्षेत्र के बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। बिजली विभाग ने इसके लिए अभियान तेज कर दिया है। बताते चले कि मंगलवार को प्रखंड बिक्रमगंज क्षेत्र के 12 बकायेदार उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा गया है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिस उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया है, उनका बिजली कनेक्शन काटा जाय। कनीय विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज नवदीप गोयल के द्वारा बताया गया कि जो उपभोक्ता किस्त में बकाए की राशि को जमा करना चाहते हैं वो विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज कार्यालय से संपर्क कर बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा करने के पश्चात किस्तीकरण करा सकते हैं। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि उपभोक्ताओं का विद्युत संबंध बकाया राशि रहने के कारण कनेक्शन कटने के बाद पुनः विद्युत कनेक्शन बहाल करने हेतु रिकनेक्शन चार्ज जमा करना होगा। जिसमे रिकनेक्शन चार्ज सिंगल फेज के उपभोक्ताओं को 118 थ्री फेज को 236 एवं एलटीआईएस (छोटा इंडस्ट्री) को 1062 रुपये लगेंगे। विद्युत संबंध कटने से बचना है तो आप सभी अपना अपना विद्युत विपत्र की राशि प्रत्येक माह जमा करें अन्यथा विद्युत संबंध काट दिया जाएगा।

उपभोक्तओं का विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात बिना बकाया एवं आरसी शुल्क जमा किये विद्युत का उपभोग करने पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई जा रही है।

# डॉक्टर पीसी नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का मनाया गया 20वीं वर्षगांठ



प्रातः किरण संवाददाता

आरा :स्थानीय महादेवा रोड स्थित मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान द्वारा संचालित डॉक्टर पीसी निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र की 20वीं वर्षगांठ मनाई गई।इस अवसर पर संस्था की मैनेजिंग डायरेक्टर मालती गुप्ता सचिव सत्य प्रकाश निदेशक विकास कुमार, चंडीगढ़ महिला मोर्चा

अध्यक्ष रूबी गुप्ता ,कोषाध्यक्ष सरिता गुप्ता , सह निर्देशक सोनिका गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एवं डॉक्टर पीसी परिवार की मंगलकामना करते हुए पूजा अर्चना की गई।संस्था के बीस वर्ष पूर्ण होने पर संस्था की मैनेजिंग डायरेक्टर ने सभी छात्र छात्राओं को उपहार स्वरूप नए नि:शुल्क कोर्स लॉन्च किया जिसके तहत सभी को निशुल्क शिक्षा दिया जाएगा।

वहीं संस्था के सचिव सह साइबर क्राइम विशेषज्ञ सत्य प्रकाश ने आगामी 17 नवंबर को भव्य कार्यक्रम होने का सूचना दिया एवं भोजपुर जिला में साइबर सिक्योरिटी एवं सेफ्टी के लिए हर गाँव में कैंप लगाकर उन्हें जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित संस्था के शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसमें सेन्टर इंचार्ज वैभव, दुर्गावती ,अर्पिता ,मृज्ञान्सी, सांभवी ,अरिहांत, प्रमोद, रोहित ,जय गोबिंद , मनीषा वहीं अमन अभिषेक गोलू, निधि, शिल्पी, सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## संगठन चुनाव की तैयारी शुरू,15 नवम्बर को कार्यशाला आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार मे उपचुनाव के बाद संगठन के चुनाव की तैयारी शुरू हो गया ।भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के अनुशंसा से जिले के सभी 32 मंडलो में मंडल संगठन पर्व सहयोगियों की सूची भाजपा भोजपुर जिला चुनाव प्रभारी रूप नारायण मेहता द्वारा जारी कर दी गई है ।उक्त सूची में वरिष्ठ कार्यकताओं सहित जिला पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गई है ।जिलाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि भाजपा संगठन पर्व 15 नवम्बर से शुरू हो जाएगा। संगठन चुनाव हेतु भोजपुर भाजपा द्वारा 15 नवम्बर को कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला के माध्यम से सभी को संगठन पर्व के तहत संगठन की मजबूती और महत्व पर चर्चा की जाएगी।

## मौरिशस में संसदीय चुनाव में लेबर पार्टी के नेता डॉ नवीन चन्द्रराम गुलाम निवार्चीत

### हरिगॉव में लोगों ने दी शुभकामनाएं



प्रातः किरण संवाददाता

आरा ।मौरिशस में संसदीय चुनाव में लेबर पार्टी के नेता डॉ नवीन चन्द्रराम गुलाम निवार्चीत होने पर उनके पैतृक गांव हरिगॉव के निवासी जनता एवं समाजिक कार्यकार्ता पंचायत के सभी जन प्रतिनिधि हरिगॉव कि जनता के तरफ से बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं और इस अवसर पर विजय जूलुस भी निकाली गई जूलुस में उनके परिजनों के संग सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जानता सैकड़ों कि संख्या भाग लिऐ जूलूस बाबा ब्रणखण्डी नाथ मंदिर, सती माई स्थान, सर शिवसागर राम गुलाम 10+2 विद्यालय से हरिगॉव बाजार पर सभा में तब्दील हो गया, लोगों ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर बाधाईया दी , लोग ने कहा अपने कर्म से प्रेम भाईचारा से दुनिया को जिता जा सकता है।

जीत के संदेश है। डॉ रामगुलाम साहब की उनके परिवारजन राम अयोध्या महतो, हरिशंकर सिंह , लालबाबू सिंह , अरुण सिंह , संतोष कुमार अजीत कुमार, इंद्रावती देवी और समश मोहित रामगुलाम परिवार हरिगॉव पंचायत के मुखिया विजय शंकर चौबे उर्फ टुना चौबे पंचायत समिति प्रतिनिधि हरेन्द्र कुमार गुप्ता वार्ड प्रतिनिधि संतोष कुमार निर्मल सिंह कुशवाहा सूर्यनाथ सिंह अनिल ठाकुर रमेश चौरसिया देवेंद्र कुशवाहा चंद्रभूषण कुशवाहा सोनू ठाकुर मुकेश ठाकुर सुडू अंसारी बाली कुशवाहा फुलुटुन यादव मनोज गुप्ता और ग्रामीण जनता।

## जमुई में स्कूली बच्चों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु निकाली प्रभातफेरी



प्रातः किरण संवाददाता

जमुई । नगर परिषद जमुई द्वारा स्कूली बच्चों के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु 12 नवम्बर मंगलवार को प्रभात फेरी का आयोजन जमुई शहर में किया गया।

इस प्रभात फेरी को शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सीमा कुमारी एवं नगर परिषद जमुई के स्वच्छता पदाधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया।

यह प्रभात फेरी समाहरणालय से शुरू होकर कचहरी चौक महाराजगंज चौक से होते हुए शहर के मुख्य मार्गों पर लोगों के बीच स्वच्छता की सेवा एवं स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के प्रति जमुई के नागरिकों को जागरूक किया गया।

## आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रभात फेरी का किया गया स्वागत

आरा ।जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के पूर्व सिख समाज के महिला-पुरुष द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों में भजन कीर्तन करते हुये निकले प्रभात फेरी का स्वागत आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शिवगंज स्थित कार्यालय में किया गया ।प्रभात फेरी का स्वागत करते हुए संस्था द्वारा चाय,नास्ता के लंगर का प्रबंध किया गया ।जिसमे अरदास के साथ सबको प्रसाद का वितरण किया गया ।इस मौके संस्था के अध्यक्ष कुमार रोहित सहित,राजेश कुमार,सुनील केशरी,राजेश केशरी,शंभु प्रसाद,अनिल कुमार रवि सहाय,कुमार मोहित मौजूद थे ।

## वाहन जांच में पुलिस ने वसूला जुर्माना

काराकाट(रोहतास) : वरीय अधिकारी के दिशा निर्देश पर कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत एसएच 81 मुख्य मार्ग पर थाना मोड़ के पास स्थानीय थाना की पुलिस पदाधिकारी शालू कुमारी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । जिस क्रम में पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा सभी वाहनों की बारिकी से जांच की गई ।जिस दौरान वाहन चालकों से करीब आठ हजार का ऑनलाइन जुमार्ना वसूला गया । वाहन जांच दौरान वाहन से संबंधित सभी कागजातों की जांच की गई ।साथ ही साथ पुलिस ने वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहनने को लेकर सभी वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी ।इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी ।

## कछ्वां पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

बिक्रमगंज(रोहतास) : कछवां थाना कांड संख्या 147/23 के आलोक में सुसंगत धारा 366(ए)/504/506/34 भादवि के अभियुक्त चंदन यादव पिता रामनरेश सिंह साकिम वार्ड संख्या 05 कृष्णा नगर थाना बिक्रमगंज जिला रोहतास के घर पर पुलिस ने विधिवत इश्तेहार चसपाया ।इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी ।

## अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा के द्वारा महाराज जरासंध का मनाया गया जयंती समारोह



आरा महाराज जरासंध जी के जयंती समारोह मनाई गई। जिसमें अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा के संस्थापक सह सचिव जीतू चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष प्रयाग सिह, कोषाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी , उपाध्यक्ष गुल्लू चंद्रवंशी उर्फ. अनिल जी, युवा जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्रवंशी, रविंद्र जी ,माही चंद्रवंशी सुरेंद्र चंद्रवंशी ,प्रमोद चंद्रवंशी,विकास चंद्रवंशी,हरेंद्र जी, देव कुमार चंद्रवंशी, दीपक कुमार, संगठन मंत्री जगदीश चंद्रवंशी, रविकांत जी शामिल हुए । इस समारोह में बतौर अतिथि प्रमोद सिंह चंद्रवंशी पूर्व सदस्य अति पिछड़ा आयोग बिहार, शामिल हुए । कार्यक्रम के अध्यक्षता मुकेश चंद्रवंशी ने किया । इस मौके पर प्रमोद चंद्रवंशी जी ने कहा कि 7 दिसंबर 2024 को जरासंध जयंती समारोह मिलर हाई स्कूल पटना में किया जाना सुनिश्चित किया गया जिसमें अधिक से अधिक चंद्रवंशी भाई लोग शामिल हो कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। धन्यवाद ज्ञापन माया शंकर चंद्रवंशी ने किया।

## मोतिहारी विधायक को प्रेम पंकज उर्फ ललन और आलोक अंजन ने किया सम्मानित



आरा। रामगढ़ से मोतीहारी लौटने के क्रम में शहर के मीरगंज बांसटाल स्थित राजेंद्र कुंज आवास पर मोतिहारी से बीजेपी विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता का आगमन हुआ। उनके साथ में बीजेपी नेता सोनू गुप्ता भी रहें। इस दौरान प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक आलोक अंजन उर्फ छोटे जी और बीजेपी के विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता एवं भाजपा नेता सोनू गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन जी ने प्रभु श्री राम दरबार के चित्र एवं अंग वस्त्र से सम्मानित कर स्वागत किया। सम्मान से अभिभूत मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि आरा की धरती ऊर्वरा है। यहां के लोग अतिथियों का स्वागत मनोयोग से करते हैं। देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तरक्की कर रहा है। भारत आने वाले समय में विश्व गुरु के रुप में उभरेगा। इस अवसर पर अभिजीत आनंद , प्रतीक राज, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

## बाल नृत्यांगना कायना विद्यार्थी ने शास्त्रीय नृत्य एकल कत्थक में प्रथम विशिष्ट पुरस्कार से किया गया सम्मानित



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। संगीत कला केन्द्र, आगरा पं. रघुनाथ तलेगांवकर फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित निनाद 2024 (60वाँ संगीत अनुष्ठान)अखिल भारतीय पं. विष्णु दिगम्बर पलुस्कर संगीत प्रतियोगिता में पटना की बाल नृत्यांगना कायना विद्यार्थी ने शास्त्रीय नृत्य एकल कत्थक में प्रथम विशिष्ट पुरस्कार प्राप्त किया। आगरा के हिलमैन पब्लिक स्कूल विवेकानन्द पुरम, सिकन्दरा में 9 एवं 10 नवंबर को विभिन्न राज्य से प्रतिभागी अपने कला का प्रदर्शन करने आए थे जिसमें कायना विद्यार्थी ने शास्त्रीय नृत्य एकल कथक में प्रथम विशिष्ट स्थान प्राप्त कर अपने जिले (पटना) का नाम रोशन किया.. गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत गुरु राजा कुमार से यह कथक की विधिवत शिक्षा प्राप्त कर रही है । नृत्य के क्षेत्र में कई अन्य महत्वपूर्ण पुरस्कार भी कायना विद्यार्थी प्राप्त कर चुकी हैं। कायना की इस उपलब्धि पर गुरु बक्शी विकास, विदुषी बिमला देवी, शिवनंदन प्रसाद, अमित कुमार, रविशंकर समेत कई लोगो ने बधाई दी ।

# एबॉर्शन के नाम पर डॉक्टर कांड कर फरार
# काट दी छोटी आंत और बच्चेदानी, महिला की मौत

प्रातः किरण संवाददाता





आरा। आरा शहर में अबॉर्शन के दौरान डॉक्टर ने छोटी आंत और बच्चेदानी काट दी थी। उस महिला की इलाज के 14वें दिन मौत हो गई। वो सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती थी, सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धुंधुआं गांव निवासी इंद्रजीत कुमार की 25 वर्षीय पत्नी ज्योति कुमारी है।

महिला की मौत के बाद लोग आक्रोशित हो गए। डॉक्टर की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल के पास शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक जाम रहा।

सूचना पाकर नवादा थाना में कार्यरत दरोगा मो. शरफुद्दीन और महिला दारोगा खुशबू कुमारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे। परिजन और स्थानीय लोगों को समझाकर जाम को हटवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मामला नवादा थाना क्षेत्र के महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल का है ।मृतका के पति इंद्रजीत कुमार ने बताया कि पत्नी ज्योति कुमारी गर्भवती थी। 26 अक्टूबर की सुबह जब वह शौच करने के लिए जा रही थी। तभी घर में ही गिर गई। उसके पेट में तेज दर्द होने लगा था। गांव के ही महेश नामक ग्रामीण चिकित्सक से उसे दिखाया।

उसने कहा कि मैं तुम्हें महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल में ले चलता हूं। वहां सब ठीक हो जाएगा। 28 अक्टूबर को महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल ले आया। जहां चिकित्सक ने कहा कि पेट में बच्चा खराब हो गया है।

आपकी पत्नी का अबॉर्शन करना होगा। अबॉर्शन के दौरान उसकी छोटी आंत और बच्चेदानी को काट दी। जिसके कारण महिला की हालत काफी नाजुक हो गई। डॉक्टर ने उसे धनुपरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कर कहा गया कि इसका पूरा खर्चा मैं दूंगा। इसके बाद डॉक्टर वहां से भाग निकला।

परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण परिजन उसका इलाज सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ही करा रहे थे। जहां 14 दिन इलाज के बाद सोमवार दोपहर उसने दम तोड़ दिया।

मृतका के पति इंद्रजीत कुमार ने ग्रामीण चिकित्सक महेश व महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल के चिकित्सक सुशील पासवान को गिरफ्तार करने और मुआवजा की मांग की है। इसके अलावा उसने पुलिस पर भी कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि मृतका को सिर्फ एक वर्ष की एक पुत्री सौम्या है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 13 नवंबर, 2024



# खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव और डीएम ने की मनरेगा से नवनिर्मित खेल स्डेडियम का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

गया। संयुक्त सचिव, खेल मंत्रालय, भारत सरकार सुचेता चतुवेर्दी एवं जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा खिजरसराय प्रखंड के जमुआ पंचायत के करपी ग्राम में प्लस टू जनता उच्च विद्यालय करपी में मनरेगा से नवनिर्मित खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया है। इस मौके पर गया जिले के पूर्व उप विकास आयुक्त विनोद दूहन उपस्थित थे। सुचेता चतुवेर्दी द्वारा खेल स्टेडियम को काफी सराहा गया और उनके द्वारा बताया गया कि इस मॉडल के संबंध में वे भारत सरकार को अवगत करवाएंगी और अन्य राज्यों में भी लागू कराने की बात भारत सरकार से करेंगी। संयुक्त सचिव द्वारा उपस्थित मुखिया, प्रमुख अन्य जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनता, खिलाड़ियों, स्कूल प्रबंधन एवं स्कूल के बच्चों आदि से खेल और स्टेडियम के संबंध में बातें की एवं जानकारियां प्राप्त किया । उपस्थित स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों एवं स्टेडियम में खेलने वाले खिलाड़ियों द्वारा बताया गया के स्टेडियम बन जाने से उनको खेलने में सुविधा हो गई है। संयुक्त सचिव द्वारा आशा व्यक्त किया गया कि इस स्टेडियम से खेल कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी उभरेंगे और इस स्टेडियम का नाम रोशन करेंगे। जिला पदाधिकारी, गया द्वारा बताया गया कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा खिजरसराय मॉडल को अपनाते हुए राज्य के सभी पंचायत में एक-एक खेल स्टेडियम बनाने का निर्णय लिया गया है और इस पर कार्रवाई काफी तेज गति से हो रही है । गया जिला में भी 200 से अधिक खेल स्थलों का चयन किया गया है जहां नरेगा से खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा ,इसके बाद डीएम ने उन्हें मानपुर ओवरब्रिज से गया जी डैम को दिखाया और डैम की विशेषताओं को बताया है।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2022 के पहले तीर्थ यात्री नदी में अर्थात बालू पर बैठकर पिंडदान करते थे।चुकी फल्गु नदी पितृपक्ष मेला अवधि में ज्यादातर सूखी रहती थी। परंतु मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022 में गया जी डैम का निर्माण कराया और व्यवस्था की गई कि सालों भर इस नदी में पानी रहे हैं। इस भगीरथ प्रयास से सभी तीर्थयात्री काफी प्रसन्न दिखे हैं। जो उन्हें अपने पूर्वजों के तर्पण हेतु फल्गु का पानी मिल रहा है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि तीर्थ यात्रियों को देवघाट से सीता कुंड जाने के लिए काफी लंबा रास्ता तय करना पड़ता था ।

इसे देखते हुए उन्होंने गया जी डैम को पूल से जोड़ते हुए सीतापथ का निर्माण करवाया जहां लोग अब आसानी से देवघाट से सीता कुंड जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि साल दर साल तीर्थ यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इसलिए राज्य सरकार द्वारा हर वर्ष नए-नए व्यवस्थाओं का आयाम लाया जा रहा है। इस वर्ष मुख्यमंत्री द्वारा विष्णुपद पथ का लोकार्पण किया है ।

इस पथ के निर्माण होने से तीर्थयात्री जाम की समस्या से बचते हुए बाईपास पुल से सीधे घाट पर आ रहे और मंदिर दर्शन भी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री के भगीरथ प्रयास के कारण गया एवं बोधगया के हर घरों तक एवं सभी पिंड वेदी स्थल पर गंगाजल पहुंचाया गया है। जिससे लोग काफी प्रसन्न है। संयुक्त सचिव, खेल मंत्रालय, भारत सरकार सुचेता चतुवेर्दी ने इन सभी कार्यो को देख कर मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है।

# चंद्रवंशी समाज एकजुट रहें यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी : डॉ प्रेम कुमार

प्रातः किरण संवाददाता



गया।बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री साथ ही अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बोध गया नगर परिषद क्षेत्र के दोमूहान स्थित कोल्हौरा मोहल्ला में कार्यक्रम के पूर्व संध्या अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के आयोजकों से मिलकर शुभकामनाएं दिया है। डॉ कुमार ने कहा कि चंद्रवंशी समाज एकजुट रहे।

उन्होंने आह्वान किया कि जरासंध महाराज जी की सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि मगध सम्राट जरासंध के रास्ते पर चलकर हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के सपनों को साकार करने के लिए आत्मनिर्भर भारत ,आत्मनिर्भर बिहार,विकसित भारत,विकसित बिहार में अपनी पूर्ण योगदान दें।इस मौके पर पप्पू चंद्रवंशी, मुन्नीलाल ,मुरारी चंद्रवंशी ,राजू चंद्रवंश, बब्लू सिंह, गुलशन चंद्रवंशी, नीरज कुमार सिंह पार्षद प्रतिनिधि, गोलू कुमार, पप्पू सिंह, चंदन सिंह, सुरेश सिंह, राजेश सिंह, राजमणि सिंह, कन्हैया सिंह, मुरारी सिंह, त्रिपुरारी सिंह, गंगा सिंह, आकाश कुमार, छाया सिंह, विकास कुमार वार्ड पार्षद, सतेंद्र सिंह वार्ड पार्षद, जमुना देवी वार्ड पार्षद, कमला देवी वार्ड पार्षद, कंचन देवी वार्ड पार्षद, कंचन देवी वार्ड पार्षद, जय सिंह, रामसेवक सिंह, रामपुकार सिंग बादल, प्रदीप सिंह पूर्व मुखिया अमकोला पंचायत, गौतम सिंह पंचायत समिति सदस्य विष्णुपुरा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए हैं ।

# मानवाधिकार संरक्षण करना सामर्थ्यवानों का उत्तरदायित्व है :विशाल दफ्तुआर

प्रातः किरण संवाददाता

गया।वैश्विक स्तर की संस्था ह्युमन राइट्स अम्ब्रेला फाउंडेशन-एचआरयूएफ ने आज से एचआरयूएफ स्पेशल इनभाईटी वेल विशर अभियान की शुरूआत की है।इसके द्वारा सामर्थ्यवान लोगों को एचआरयूएफ से जोड़ा जायेगा ताकि जनहित और मानवाधिकार संरक्षण की मुहिम को मजबूत किया जा सके। इसकी टेस्टिंग लांच गया से की जा रही है।पिछले महीने एचआरयूएफ स्पेशल इनभाईटी मेम्बरशिप शुरू किया गया था।इसके मेम्बरशिप ड्राइव 1 और ड्राइव 2 को शानदार सहयोग मिला है। अभी इस मेम्बरशिप का ड्राइव 3 चल रहा है।

यह जानकारी देते हुये एचआरयूएफ चेयरमैन विशाल रंजन दफ्तुआर ने बताया कि जरूरतमंदों, वंचितों और शोषितों की मदद करना हम सबों का महत्वपूर्ण कर्तव्य है।

सामर्थ्यवानों का परम उत्तर दायित्व है मानवाधिकार संरक्षण करना है। एचआरयूएफ स्पेशल इनभाईटी वेल विशर अभियान के द्वारा ऐसे सामर्थ्यवान लोगों को एचआरयूएफ से जोड़ा जायेगा।ऐसे समूहों के द्वारा मानवाधिकार संरक्षण के किसी भी प्रयास को विशेष बल मिलेगा।आज के चुनौतीपूर्ण समय में कमजोर लोगों के मानवाधिकारों को बड़ी आसानी से कुचल दिया जाता है।

ऐसे मानवीय मामले में जब किसी मजबूत व्यक्ति विशेष या संस्था की पहल होती है तो फिर ऐसे कमजोर लोगों के मानवाधिकार संरक्षण को स्वमेव बल मिल जाता है।

विशाल दफ्तुआर ने कहा कि ऐसे कई मामलों में उनकी पहल के बाद तेजी आई। इसमें कई मामले अंतर्राष्ट्रीय स्तर के भी थे। इसी साल जुलाई में इथोपिया से बिहार,उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के 21 भारतीयों की वतन वापसी मेरी पहल के बाद हो सकी थी।अब इस दिशा में ग्रासरूट लेवल पर एचआरयूएफ स्पेशल इनभाईटी वेल विशर अभियान के द्वारा लोकल लेवल पर मानवाधिकार संरक्षण हेतु एक विशेष हेल्प ग्रुप का निर्माण किया जायेगा।गया से प्रायोगिक शुरूआत के बाद इसका विस्तार बिहार और फिर सारे भारत में किया जायेगा।

## तीन मोटरसाइकिल सवार युवक ने पेड़ में जोरदार टकर मारी, दो की मौत ,एक गंभीर रूप से हुए जख्मी

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई । जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र के गिद्धेश्वर मोड़ के समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में दो युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान खैरा थाना क्षेत्र के घनबेरिया गोसाईडीह गांव निवासी 28 वर्षीय मुनचुन गोस्वामी और 29 वर्षीय अमरनाथ गोस्वामी के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान अमरजीत गोस्वामी के रूप में हुई है, अमरजीत गोस्वामी का इलाज परिजनों द्वारा निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है।घटना के बारे में बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर खैर इलाके के कोरवाटांड़ से अपने गांव घनबेरिया गोसाईडीह लौट रहा था।इस दौरान रास्ते में गिद्धेश्वर मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

# चंद्रवंशी समाज को राजनीतिक भागीदारी के अभाव के कारण समाज को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा:राजेन्द्र अधिवक्ता

प्रातः किरण संवाददाता



गया।देवराम चंद्रवंशी न्यास पंचायत भवन समीर तकिया दुर्गा स्थान में मगध साम्राट जरासंध जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह का शुभारंभ सम्राट जरासंध और माता जरा देवी की पूजा-पाठ और हवन के साथ प्रसाद वितरण किया गया न्यास के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए और चंद्रवंशी समाज की अपेक्षाओं को लेकर अपनी बात रखी।राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने चंद्रवंशी समाज के लिए आरक्षण की मांग करते हुए कहा कि समाज को जननायक कपूर्री ठाकुर के फामूर्ले के तहत केंद्र सरकार कुछ जातियों को चंद्रवंशी समाज सहित ओबीसी से अलग एक विशेष आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए। उनका मानना है कि समाज के लोग आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए हैं, और इस स्थिति में बदलाव लाने के लिए सरकारी आरक्षण आवश्यक है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से अपील की कि चंद्रवंशी समाज के लोगों को अधिक राजनीतिक भागीदारी का अवसर दिया जाए।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वर्तमान में चंद्रवंशी समाज का राजनीतिक प्रतिनिधित्व पूरे देश में नगण्य है। इसे संतुलित करने के लिए विधान सभा, लोकसभा, राज्यसभा, एवं बिहार के निगम बोर्डों में चंद्रवंशी समाज के लोगों को नामित किया जाए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक भागीदारी के अभाव के कारण समाज को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राजेंद्र प्रसादअधिबक्ता का मानना है कि अगर समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए, तो समाज के विकास की गति को बढ़ाया जा सकता है।

समारोह में उपस्थित इस अवसर पर पूर्व नगर आयुक्त विजय कुमार ने भी चंद्रवंशी समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा समाज के प्रगति के लिए अपने विचार साझा किए और समाज की एकता पर बल दिया गया है।आज के पूजा करने वालों में न्यास के सचिव गोपाल प्रसाद चंद्रवंशी के द्वारा किया गया आज के आयोजन करता राकेश कुमार उर्फ मंटु मगध सम्राट जी के पूजा में शामिल होने वाले को प्रति आभार एवं धन्यवाद दिया है।आज मंगलवार के कार्यक्रम में अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष पूर्व पार्षद राकेश कुमार वार्ड पार्षद उपेंद्र प्रसाद अरुण कुमार संजय कुमार कमलेश चंद्रवंशी आकाश कुमार चंद्रवंशी ट्रस्ट के राजेंद्र प्रसाद उर्फ राहुल राजनंदन प्रसाद गांधी ,पप्पू चंद्रवंशी दीनानाथ प्रसाद भारत चंद्रवंशी सरवन चंद्रवंशी फंटूश चंद्रवंशी अजय चंद्रवंशी बद्री चंद्रवंशी शशि कुमार चंद्रवंशी सहीत दर्जनों लोग आकर पूजा पाठ में भाग लिया तथा भंडारा का प्रसाद लिया है

# किलकारी मगही बाल मेला का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गयाः बिहार बाल भवन किलकारी, गेवालबीघा, गया में 14 नवंबर को बाल दिवस और किलकारी स्थापना दिवस के अवसर पर ह्रकिलकारी मगही बाल मेला 2024ह्र का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का उद्देश्य गया शहर को स्वच्छ, सुंदर, और हरित बनाने की दिशा में बच्चों की भागीदारी को बढ़ावा देना है।किलकारी के प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार के बाल महोत्सव का शीर्षक ह्रहम बच्चों का गया जी, सबसे सुंदर गया जीह्र बच्चों द्वारा ही तय किया गया है। बाल दिवस की पूर्व संध्या पर गया शहर के बच्चे नगर भ्रमण करेंगे, जिसमें वे ढोल-नगाड़ों के साथ गया जी की स्वच्छता के संदेश का प्रचार करेंगे। नगर भ्रमण कार्यक्रम किलकारी गेवालबीघा से शुरू होकर समीर तकिया, गोदावरी, चांद चौरा, कोईरी बाड़ी, विशाल तालाब और हरिदास सेमनरी कैंपस तक जाएगा।बाल दिवस का मुख्य कार्यक्रम 14 नवंबर को दोपहर 12 बजे से किलकारी परिसर में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश द्वारा किया जाएगा, और इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन के उपस्थित रहने की संभावना है।इस महोत्सव में गया के विभिन्न विद्यालयों और संगठनों के बच्चे मंच पर गायन, वादन, नृत्य और नाटकों की प्रस्तुतियां देंगे। किलकारी बाल भवन के बच्चों के अलावा, बाल केंद्र चांद चौरा, मानपुर, और चेरकी के बच्चों की भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।इसके अतिरिक्त, विज्ञान प्रदर्शनी, हस्तकला प्रदर्शनी, चित्रकला प्रदर्शनी, और मूर्तिकला का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जिसमें बच्चों की कलात्मकता को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस आयोजन में गया शहर के कई विद्यालयों के बच्चों के साथ-साथ विशिष्ट अतिथि भी आमंत्रित किए गए हैं।

# भारतीय रेल द्वारा रिकॉर्ड संख्या में 7724 पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष दीपावली एवं छठ पर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखकर उनके सुविधाजनक आवागमन के लिये रिकॉर्ड संख्या में 7724 पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से/के लिए पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहे है । इन स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से यात्रियों को पूजा के दौरान काफी सुविधा हुई। यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुये स्टेशन पर उनकी सुविधा के लिये व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश की व्यवस्था सहित क्राउड मैनेजमेंट के लिए अतिरिक्त रेलकर्मी और रेल सुरक्षा बल के जवान को तैनात किया गया है । विभिन्न स्टेशनों पर कतिपय स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जरूरतमंद यात्रियों को निःशुल्क अल्पाहार/भोजन दिया गया ।वृद्ध एवं दिव्यांग यात्रियों को सकुशल ट्रेनों में बैठाया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा पूजा पर्वों पर यात्रियों के सुगम आवागमन के लिये किये गये प्रबन्ध की यात्रियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।क्राउड मैनेजमेंट के तहत पटना, दानापुर, राजेंद्रनगर टर्मिनल, सहरसा, मुजफ्फरपुर, दरभंगा सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया गया है जिसमें पर्याप्त बैठने की व्यवस्था के साथ उद्घोशणा प्रणाली, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, सी.सी.टी.वी. कैमरे, शुद्ध पेयजल इत्यादि की व्यवस्था की गई है। साथ ही ट्रेन के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जा रही है । इसके लिए मेगा माइक भी उपयोग में लाया जा रहा है । भीड़ नियंत्रण हेतु 63 प्रमुख स्टेशनों पर 3564 अतिरिक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है । साथ ही 29 स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं । इसके अलावा 59 स्टेशनों पर 167 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) का प्रावधान किया गया है तथा 914 क्यूआर कोड के माध्यम से शीघ्र भुगतान होने में टिकटिंग में काफी कम समय लग रहा है ।

महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं मदद हेतु ट्रेनों एवं प्रमुख स्टेशनों पर आरपीएफ की अतिरिक्त महिला कांस्टेबलों की टीम ह्यमेरी सहेलीह्य की तैनाती की गयी है। सभी प्रमुख स्टेशनों पर ह्यमे आई हेल्प यूह्य सहायता बूथ चौबीसों घंटे कार्यरत है जहां संबंधित विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी आवश्यक जानकारी के साथ निरंतर ड्यूटी पर तैनात हैं

## रेलवे बोर्ड के पूर्व मध्य रेल अध्यक्ष सतीश कुमार का हुआ दो दिवसीय दौरा



हाजीपुर । सतीश कुमार, अध्यक्ष एवं सीईओ, रेलवे बोर्ड 02 दिवसीय दौरे पर पूर्व मध्य रेल पहुंचे । उन्होंने छठ पूजा के बाद भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा एवं सुरक्षा सहित सभी प्रकार की तैयारियों की समीक्षा की तथा ट्रेनों एवं स्टेशनों पर आवश्यक यात्री सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिए । अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड द्वारा आज दीघाब्रिज हाल्ट-समस्तीपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड ने सोनपुर स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, स्वच्छता, आदि का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने सोनपुर स्टेशन के प्लेटफार्म, एफओबी, सकुर्लेटिंग एरिया आदि का भी निरीक्षण किए । उन्होंने अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किये जा रहे सोनपुर स्टेशन के विकास कार्यो का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए।इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह एवं सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक भूषण सूद सहित मुख्यालय एवं सोनपुर मंडल के अन्य उच्चााधिकारीगण उपस्थित थे।

## आगामी 28 को लोजपा रा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम स्थगित:सत्येन्द्र रंजन

अरवल । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि बिहार में पैक्स चुनाव को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजू तिवारी के निदेर्शानुसार आगामी 28 नवम्बर 2024 को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के स्थापना दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित महारैली स्थगित कर दिया गया है । नये वर्ष 2025 के शुभारंभ में बिहार फर्स्ट बिहार फर्स्ट महारैली आयोजित की जायेगी , इसकी सूचना शीघ्र पत्र जारी कर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को सूचित किया जायेगा ।

## दूसरे दिन 12 अध्यक्ष एवं 63 कार्यकारिणी प्रत्याशियों ने कराया नामांकन,समर्थकों मे खुशी

अलीगंज। अलीगंज प्रखंड में पैक्स चुनाव को लेकर मंगलवार दूसरे दिन 12 अध्यक्ष व 63 कार्यकारिणी सदस्य के लिए विभिन्न पंचायतों से प्रतियाशियों ने नामांकन दाखिल किया, प्रथम चरण 26 नवंबर को मतदान किया जाएगा, अलीगंज पैक्स चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर नामांकन प्रकिर्या चल रही,अलीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतो से प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ गाजे बाजे के साथ निवार्ची पदाधिकारियों के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया,वहीं दूसरे दिन कैयार पंचायत से चंद्रशेखर कुमार उर्फ बुलबुल सिंह, अलीगंज पंचायत से सत्येंद्र कुमार, एवं अन्य प्रतियाशियों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा भरा नामांकन को लेकर संबंधित प्रखंड मुख्यालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई,वहीं प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक भारती ने जानकारी देते हुए बताया की अलीगंज प्रखंड मे प्रथम चरण मे 26 नवम्बर को पैक्स चुनाव को लेकर दूसरे दिन 12 अध्यक्ष पद जिसमे एक एक महिला व 63 कार्यकारिणी सदस्य जिसमे 25 महिलाओ अपना नामांकन पर्चा भरा,नामांकन की प्रक्रिया 11 नवबर नवंबर से 13 नवंबर तक चलेगी, 14 से 16 नवम्बर तक संवीक्षा की जाएगी, 19 नवंबर तक नाम वापसी एवं चिन्ह आवंटन किया जाएगा, वहीं विभिन्न पंचायत से अपने अपने समर्थको के साथ ढ़ोल बाजा एवं फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया,वहीं सभी प्रत्याशियों अपने-अपने वोटरों के बिच जनसंपर्क चला रहे हैं,

# 52 लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) अरवल पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश पर अवैध शराब कारोबारी एवं शराबियों के खिलाफ चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाने की एएसआई चंद्रदेव महतो ने गुप्त सूचना के आधार पर एक शराब कारोबारी को 52 लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया। जबकि मौके से एक कारोबारी फरार हो गए। इस संबंध में एएसआई चंद्रदेव महतो ने बताया कि विगत कई दिनों से इन शराब कारोबारी को गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाए हुए थे और अंततः मंगलवार के सुबह शराब कारोबारी को मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इस बाबत कुर्था अपर थाना अध्यक्ष शमशेर आलम ने पत्रकारों को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई चंद्रदेव महतो के द्वारा कुर्था थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास सड़क पर सचई मोड़ के समीप जहानाबाद जिले के शकूराबाद थाना अंतर्गत बाकेबीघा गांव निवासी रविंद्र यादव के पुत्र मृत्युंजय कुमार को 52 लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

जबकि उनके ही साथ रहे रंजीत यादव के पुत्र सुधीर कुमार मौके से फरार हो गए हालांकि उन्होंने कहा कि शराब कारोबारी का एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है जिसका गाड़ी संख्या बीआर 25 जे 3212 है उन्होंने कहा कि फरार शराब कारोबारी सुधीर कुमार के गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है छापेमारी अभियान में एएसआई के अलावा कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## तुलसी विवाह से यह संदेश मिलता है कि सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना चाहिए:डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता

गया।देवयानी एकादशी हिन्दू पंचांग के अनुसार एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, जो विशेष रूप से भगवान विष्णु की उपासना और तुलसी के विवाह से जुड़ा हुआ है। इस दिन का महत्व विशेष रूप से तब बढ़ जाता है, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा अपने संदेश में कहा तुलसी का विवाह श्री भगवान विष्णु के साथ विशेष धार्मिक मान्यता रखता है। यह पूजा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यावरण और सामाजिक समृद्धि के लिए भी इसके कई लाभ माने जाते हैं। तुलसी के पौधे को पवित्र और शुद्ध माना जाता है। जो न केवल शरीर को, बल्कि आत्मा को भी शांति और सुख प्रदान करता है। तुलसी विवाह से यह संदेश भी मिलता है कि प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना चाहिए।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस अवसर पर कहा, तुलसी विवाह का आयोजन हमें यह सिखाता है कि समाज में सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का अहसास कराता है। हम सभी को मिलकर समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए और वातावरण की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उनकी प्रेरणा से, इस आयोजन ने न केवल धार्मिक समृद्धि को बढ़ावा दिया है।

# लखिसराय जिले में वांछित महिला नक्सली गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



सोनो जमुई ।पुलिस कप्तान लखिसराय के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक ( अभियान ) के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर लखिसराय जिले के कजरा थाना अंतर्गत जंगली छेत्रों के राजाघाट कोल , कानिमोह , शीतला कोड़ासी एवं घोघरघाटी आदि गांवों में सघन छापामारी अभियान चलाया गया । छापेमारी के दौरान नक्सलियों को भोजन की व्यवस्था करने वाली एवं पुलिस मुवमेंट की खबर नक्सलियों को पहुंचाने वाली कजरा थाना क्षेत्र के कानिमोह गाँव निवासी बासुदेव कोड़ा उर्फ.दहरु कोड़ा की पुत्री सुग्गी कोड़ा उर्फ सोनिया कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है । पुलिस अभियान के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति मे कहा गया है कि गिरफ्तार नक्सली सुग्गी कोड़ा पर चानन थाना में एक मामला कांड संख्या 33/13 एवं 34 / 13 दर्ज हे । उक्त कांड में दिनांक 13 जुन 2013 को समय सवा एक बजे के करीब धनबाद पटना इंटर सिटी एक्स्प्रेस ट्रेन को कुंदर हॉल्ट के समिप प्रेस पाइप को काटकर ट्रेन को रोकते हुए फायरिंग ओर बमबारी करते हुए हमला कर दिया ओर रेल मार्ग रक्षी आरपीएफ के एक जवान सुकांत देवनाथ की गोली मारकर हत्या कर उसका हथियार लुटने , साथ ही एक अन्य अवर निरिक्षक कुमार अमित की भी हत्या गोली मारकर कर दी गई थी ।इसके अलावा बीच बचाव करने के दौरान एक यात्री पुर्णिया निवासी लखर इस्लाम की हत्या का आरोप गिरफ्तार नक्सली पर हे । आगे बताया गया है कि नक्सलियों ने घटना के बाद तीन हथियारों में एक अङ 47 , दो इंसास राइफल एवं 230 चक्र गोली लुटने तथा एक रेलवे गार्ड सहित पांच अन्य यात्रियों को जख्मी करने का आरोप है । छापामारी अभियान में डी 16 विं बटालियन एस एस एस बी के जवान ओर कजरा थाना की पुलिस बल शामिल थे ।

# पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. के निधन पर गया कॉलेज में शोक सभा का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



गया। प्राचीन भारतीय इतिहास एवं दक्षिण पूर्व एशियाई अध्ययन विभाग गया कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ.महेश कुमार शरण गोरखपुर में इहलोक से पलायन कर गए हैं। दशहरे के समय हुई तबीयत खराब के बाद उनकी स्थिति कुछ सामान्य हुई लेकिन गत शुक्रवार की सुबह उनके जीवन की गति टूट गई है।अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर जाने वाले डॉ. शरण की धर्मपत्नी डॉ.निर्मला शरण,पुत्र मनीष शरण और पुत्री डॉ.मनीषा शरण उनकी मृत्यु पर बेहद दुखी हैं।26 जून 1944 को शिवनगर(भंडारी) सीतामढ़ी में जन्म लेने वाले डॉ. शरण वर्ष 1966 से 1973 तक मगध विश्वविद्यालय बोधगया के स्नातकोत्तर प्राचीन भारत व एशियाई अध्ययन विभाग में कार्यरत रहे और उसके बाद उन्होंने लंबी अवधि तक गया कॉलेज में अपनी सेवाएं दीं है।दो दर्जन से अधिक विशिष्ट कृतियों के लेखक प्रो.शरण के निर्देशन में 60 से अधिक शोधकताओं ने पी-एच.डी व डि.लीट. की उपाधि प्राप्त की है।

इतिहास मर्मज्ञ डॉ.उपेंद्र ठाकुर के योग्य शिष्य शरण शिक्षण के क्रम में अतिथि प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवा थाईलैंड एवं नेपाल में भी अर्पित किया है।सादा जीवन उच्च विचार को अपने जीवन में अपनाने वाले डॉ.देशरत्न राजेंद्र बाबू के विचारों से बहुत प्रभावित रहे। प्राचार्य डॉ शतीश सिंह चंद्र ने कहा कि उनका जाना एक अपूरणीय क्षति है।न सिर्फ गया अथवा राष्ट्र के लिए वरन् यह हमारे लिए व्यक्तिगत अपार दुःख की घड़ी है।इस मौके पर सभी शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

